# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सरगुजा(अम्बिकापुर)(छ0ग0)

## :: तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2022 ::

## –::सूचना–पत्र::–

**01.** कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन कमांक विज्ञापन कमांक 1286/दो–11–1/2022 दिनांक 22.09.2022 प्रकाशित किया गया है, जिसके अनुक्रम में शुद्धि पत्र क्र–103/दो–11–1/2022, अम्बिकापुर ,दिनांक 23/01/23 एवं शुद्धि पत्र कमांक 890/दो–11–1/2022 अम्बिकापुर दिनांक 22.06.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त सहायक ग्रेड–तीन(नियमित)–30 पद, सहायक ग्रेड–3 (संविदा) कोर्ट मैनेजर अमला–01 पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रो के स्कुटनी उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जा रही है।

**02.** कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा, (छ0ग0) के विज्ञापन कमांक 1078/दो–11–1/2023 दिनांक 05.07.2023 के द्वारा जिला स्थापना अंतर्गत रिक्त स्टेनोग्राफर (हिन्दी)–10 पद, स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)–02 पद, स्टेनो टायपिस्ट–02 पद हेतु दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, प्राथमिक तौर पर प्राप्त आवेदन पत्रो की सूची प्रकाशित की जा रही है तथा यह भी सूचित किया जाता है कि यदि अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्रस्तुत जानकारी एवं जारी सूची/प्रवेश पत्र में दर्ज जानकारी में भिन्नता हो तो, वे दिनांक 15.09.2023 तक कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरगुजा में उपस्थित होकर आवश्यक संशोधन करा लेवें।

## –:: परीक्षा कार्यक्रम ::–

### लिखित परीक्षा की तिथि:–24.09.2023 (रविवार)

### (दोपहर 02.20 बजे से 03.00 बजे तक)

### अभ्यर्थियों के परीक्षा कक्ष में उपस्थिति का समय–दोपहर 02.00 बजे तक

| पद का नाम | अनुक्रमांक | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|
| स्टेनोग्राफर(हिन्दी) | **SH0001 to SH0377** | शासकीय मल्टीपरपज उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर (कुल 884 अभ्यर्थी) |
| स्टेनोग्राफर(अंग्रेजी) | **SE0001 to SE0082** | |
| स्टेनो टायपिस्ट | **ST0001 to ST0229** | |
| सहायक ग्रेड–3(संविदा) | **CS0001 to CS0196** | |
| सहायक ग्रेड–3 (नियमित) | **AG0001 to AG0800** | शासकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर (कुल 800 अभ्यर्थी) |
| सहायक ग्रेड–3 (नियमित) | **AG0801 to AG 1300** | शासकीय नगर पालिक निगम उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर (कुल 500 अभ्यर्थी) |
| सहायक ग्रेड–3 (नियमित) | **AG 1301 to AG1800** | विवेकानंद विद्यानिकेतन उ.मा. विद्यालय, अम्बिकापुर (कुल 500 अभ्यर्थी) |
| सहायक ग्रेड–3(नियमित) | **AG 1801 to AG 2163** | सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय, अम्बिकापुर (कुल 362 अभ्यर्थी) |

**नोटः- जिला न्यायालय सरगुजा के वेबसाईट में अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिनांक 19.09.2023 को अपलोड कर जारी की जावेगी।**

यदि उपरोक्त पदों के लिखित परीक्षा, नियत तिथि को सम्पन्न नहीं हो पाती है, और स्थगित होती है, तो उक्त दिवस को ही उपस्थित अभ्यार्थियों को आगामी परीक्षा तिथि की जानकारी देते हुए, परीक्षा कार्यक्रम जिला न्यायालय के वेबसाईड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जावेगा।

**जिन अभ्यर्थियों के द्वारा दो या दो से अधिक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, वे अभ्यर्थीगण उन्हे प्रत्येक पद हेतु आबंटित अनुक्रमांक का उल्लेख उत्तरपुस्तिका में करना होगा, जिससे उनके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक उक्त पदों हेतु प्राविण्य सूची तैयार किये जाते समय विचार में लिया जा सके।**

प्रकाशित विज्ञापन अनुसार उपरोक्त पदों हेतु एक प्रश्न पत्र के जरिये संयुक्त लिखित परीक्षा के आयोजन किये जाने का निर्णय लेते हुए परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है:-

**01. स्टेनोग्राफर (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए :-** आवेदकों की संख्या अधिक होने पर कौशल परीक्षा हेतु संख्या सीमित किये जाने के लिए लिखित स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा (व्यवहारिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर ज्ञान इत्यादि से संबंधित) आयोजित की जा सकेगी, जिसमें 50 अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके सभी 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु एक-एक अंक निर्धारित होगा।

**02. सहायक ग्रेड-3 (नियमित/संविदा) पद के लिए :-** विज्ञापन में प्रावधान किया गया है कि यदि सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु आवेदकों की संख्या विज्ञापित पद के 15 गुना से अधिक होने पर, चयन समिति के निर्णयानुसार कौशल परीक्षा के अतिरिक्त लिखित परीक्षा भी लिया जा सकेगा। उक्त लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर, विज्ञापित पद के 15 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर ही मेरिट सूची एवं चयन सूची तैयार किया जावेगा। जिसके आधार पर कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की संख्या सीमित किये जाने हेतु लिखित स्वतंत्र प्रतियोगिता परीक्षा (व्यवहारिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर ज्ञान इत्यादि से संबंधित) आयोजित की जा रही है, जिसमें 50 अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके सभी 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे।

प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के चार विकल्प दिये जावेंगे, जिनमें से सही उत्तर पर सही का चिन्ह (√) नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से अंकित करना होगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अधिकतम अंक के आधार पर, विज्ञापित पद के 15 गुना अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कौशल परीक्षा हेतु आहुत किया जावेगा।

उपरोक्त परीक्षा योजना अनुसार भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने हेतु, अभ्यर्थियों की सूची, अनुक्रमांक/रोल नम्बर आबंटित कर, प्रकाशित की जा रही है।

यह भी निर्देशित किया जाता है अभ्यर्थी प्रवेश पत्र का प्रारूप **जिला न्यायालय सरगुजा के वेबसाईड https://districts.ecourts.gov.in /surguja में** से दिनांक 19.09.2023 को अथवा उसके पश्चात डाउनलोड कर समस्त प्रविष्टि करते हुए, वैध पहचान प्रमाण पत्र जैसे ड्राईविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड/मतदान परिचय पत्र/स्मार्ट कार्ड सहित परीक्षा तिथि को **परीक्षा समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा कक्ष में उपस्थित रहेंगे,** ताकि प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का मिलान कर, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सके। किसी भी आवेदक को अन्य किसी भी माध्यम से लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा हेतु सूचना/प्रवेश पत्र पृथक से नहीं भेजा जावेगा, इस संबंध में कोई पत्राचार ग्राह्य नहीं होगा।

परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय आदि देय नहीं होगा।

अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायालय
सरगुजा(अम्बिकापुर) छ0ग0